शिव शंकर भोले भंडारी | by Sanjeev Kumar (Hansi)

नमो नमो नमो नमो नमो नमो नमो शिवाय
नमो नमो नमो नमो नमो नमो नमो शिवाय

शिव शंकर भोले भंडारी
नंदी की है करते सवारी
भक्तों को कभी दर्शन दे जा
भक्त जपे सब नाम तुम्हारा
नाम तुम्हारा नाम तुम्हारा हो .....
ॐ नमो नमो नमो नमो नमो नमो नमो शिवाय
नमो नमो नमो नमो नमो नमो नमो शिवाय

जटा में गंगा गल में नाग है
रहता भोले तू कैलाश है
बहुत दूर है डाला डेरा
कैसे आये भक्त ये तेरा
तू ही भोले मुझको बता दे
मिलने की कोई राह दिखा दे
राह दिखादे राह दिखादे हो ....
ॐ नमो नमो नमो नमो नमो नमो नमो शिवाय
नमो नमो नमो नमो नमो नमो नमो शिवाय

तीन लोक का है तू स्वामी
अमरनाथ बाबा बर्फानी
केदारनाथ कहीं बदरीनाथ है
भक्तों के सदा रहता साथ है
नाम कई एक रूप है तेरा
तेरे सिवा ना कोई मेरा
कोई मेरा कोई मेरा हो........
ॐ नमो नमो नमो नमो नमो नमो नमो शिवाय
नमो नमो नमो नमो नमो नमो नमो शिवाय

भांग धतूरा तुझको भाये
बेल पत्र का भोग लगाए
दूध से हो अभिषेक तुम्हारा
नाम जपे संसार ये सारा
विजयराज भी आया भोले
दर्शन करने आज तुम्हारा
आज तुम्हारा, आज तुम्हारा हो ....
ॐ नमो नमो नमो नमो नमो नमो नमो शिवाय
नमो नमो नमो नमो नमो नमो नमो शिवाय

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%b6%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%82%e0%a4%a1%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-sanjeev-kumar-hansi/